झारखंड में नए साल से प्री-पेड मोड में काम करने लगेंगे स्मार्ट मीटर

चर्चा में क्यों?

18 दसिंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के राँची में जनवरी से स्मार्ट मीटर प्री-पेड मोड में काम करने लगेंगे। इसमें पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए एक हज़ार मीटरों को प्री-पेड स्मार्ट मीटर में बदला जाएगा, जिसकी शुरुआत 10 जनवरी से की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) की आइटी सेल ने डाटा सैंपल सर्वे रिपोर्ट को सही पाया, जिसके बाद इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिल गयी है। राँची शहर के अंदर कुल 3.5 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके पहले चरण के तहत 45 हज़ार स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।
- स्मार्ट मीटर में चिप लगाई गई है तथा मोबाइल टावर्स के माध्यम से बिजली कंपनियों में लगे रिसीवर तक इसका सिग्नल पहुँचेगा। नेटवर्क की समस्या न रहे, इसके लिये बेसमेंट के बाहर मीटर लगाए जा रहे हैं।
- नेटवर्क फ्रिक्वेंसी के सहारे मीटर पहले हेड एंड सिस्टम (एचईएस) को डाटा ट्रांसफर करेगा। इसके बाद जेनरेट डाटा डिकोड होकर मीटर डाटा मैनेजमेंट सिस्टम से होते हुए बिलिंग साइकिल के तहत टैरिफ कैलकुलेशन के बाद सॉफ्टवेयर की मदद से फाइनल बिल के तौर पर उपभोक्ता के पास मैसेज चला जाएगा।
- स्मार्ट मीटरिंग के बाद राँची में बिजली चोरी व अन्य तरीके से जेबीवीएनएल को होने वाले लाइन लॉस से छुटकारा मिल जाएगा। वर्तमान में करीब 20 फीसदी बिजली लाइन लॉस में चली जाती है। इसके अलावा ऊर्जा मित्रों द्वारा मीटर रीडिंग के दौरान होने वाली चूक, गलत बिल आदि की समस्या से भी छुटकारा मिल जाएगा।
- उपभोक्ता प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर लगे डिस्प्ले स्क्रीन के माध्यम से आसानी से वर्तमान, शेष बिजली बिल, बिजली की शेष राशि व खपत संबंधी आकलन स्वयं कर सकेंगे।
- इसमें 200 रुपए के न्यूनतम रिचार्ज पर उपभोक्ता बिजली का उपयोग कर सकेंगे तथा खपत के आधार पर यह अधिकतम 20 हज़ार या फिर विशेष परिस्थितियों में कमर्शियल यूज़र्स के लिये यह राशि ज़्यादा भी हो सकती है। राशि खत्म होने के बाद बिजली अपनेआप कट जाएगी। हालाँकि, जैसे-जैसे पैसे खत्म होते जाएंगे, वार्निंग के तौर पर उपभोक्ताओं के मोबाइल पर लगातार मैसेज आता रहेगा।
- गौरतलब है कि जेबीवीएनएल की ओर से बकाए का भुगतान करने के बाद केंद्र सरकार द्वारा पावर एक्सचेंज व आधुनिक पावर से बिजली पर लगाई गई रोक हटा दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-meters-will-start-working-in-pre-paid-mode-from-new-year-in-jharkhand